भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1566 का उत्तर

बक्सर के खरसारा गांव के उत्तरी और दक्षिणी भागों के लिए
पैदल उपरि पुलों का निर्माण

1566. श्री सुधाकर सिंह:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बक्सर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्थित दुर्गावती प्रखंड का खरसारा गांव पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय मंडल के अंतर्गत रेल लाइन द्वारा उत्तर और दक्षिण भागों में विभाजित हो गया है जिसके दक्षिणी भाग में आवास, विद्यालय एवं बाजार तथा उत्तर की ओर खरसारा गांव के निवासी रहते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार उक्त गांव के उत्तरी और दक्षिणी भागों के बीच आसानी से आवाजाही करने की सुविधा प्रदान करने के लिए एक पैदल उपरि पुल का निर्माण करने का है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार उक्त गांव के बीच से गुजरने वाली रेल पटरी पर पैदल उपरि पुल बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): 27.11.2024 को कर्मनाशा और धनेछा रेलवे स्टेशनों के बीच किलोमीटर 636/3ए-5ए पर रैंप के साथ ऊपरी पैदल पार पुल के निर्माण के कार्य को 4.91 करोड़ रु. की लागत पर स्वीकृत किया गया है।

******

S.K